झारखण्ड सरकार

# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

वन भवन – 1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (O) - 06546 -222393, Cell No. : 9431142800 E-mail: cf.hazaribagh@gmail.com

पत्र संख्या – 13 ई0 09(09)/2006– 1719 दिनांक 01-07-2015

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमंडल।

विषय :– **Langraparas Stone Quarry डोमचांच (श्री हर्षबर्द्धन पाण्डेय, पत्थर खनन परियोजना, लंगरापरास, डोमचांच) के नवीकरण हेतु 1.21 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग:– **आपका पत्रांक 1911 दिनांक 29.06.2015**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रक के साथ संलग्न पार्ट –II में निम्नलिखित पृच्छा है:–

1. पार्ट–II की कंडिका 4(II) में आपने वनों का धनत्व 0.3 लिखा है जबकि यह पूर्व से खनित भूमि है। स्पष्ट किया जाय कि धनत्व 0.3 का आधार क्या है?
2. पार्ट–II की कंडिका 4(II) के अंतर्गत साल, टीक, गम्हार, बरगद एवं खैर प्रजाति का जिक्र है, परन्तु यह पौधे किस गोलाई के हैं और प्रस्तावित वनभूमि के किस भाग में है, स्पष्ट किया जाय?
3. पार्ट–II की कंडिका 8(III) में आपने प्रतिवेदित किया है कि प्रस्तावित वनभूमि ईको सेन्सिटिव जोन में नहीं है। कृपया स्पष्ट करें कि कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी से प्रस्तावित वनभूमि कितनी दूरी पर है। वन क्षेत्र पदाधिकारी, वन्य प्राणी प्रक्षेत्र, कोडरमा से सम्पर्क कर ईको सेन्सिटिव जोन का नक्शा प्राप्त किया जाय और उसके आधार पर प्रतिवेदित किया जाय।
4. उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई महत्वपूर्ण बिन्दु स्पष्ट होते हैं तो उसे भी स्पष्ट कर संशोधित पार्ट –II भरकर प्रतिवेदन भेजा जाय और ऑन–लाईन अपलोड किया जाय।

आपका विश्वासी

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

D:\CFH\2006-07 CFHC\Conservation Act Proposal\Harshbardhan Pandey\PART III HB Pandey Domchanch.doc